वर्ष- 02 अंक- 237
छपरा
15 जुलाई मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## महाकाल की शरण में सात दिन में पहुंचे 11 लाख से अधिक श्रद्धालु



**उज्जैन,एजेंसी।** देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सात दिन में (13 जुलाई तक) 11 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। इस अवधि में सुबह छह बजे से रात्रि पट बंद होने तक कुल 11,06,270 भक्तों ने भगवान महाकाले श?वर के दर्शन किए। साथ ही लगभग 26,996 भक्तों ने भस्म आरती के दर्शन किए। यह जानकारी श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने दी।उन्होंने कहा कि आज श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर 4,498 श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर भगवान की भस्म आरती में दर्शन किये। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने दर्शनार्थियों के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था की है। कौशिक ने कहा कि दर्शन, अन्य जानकारी एवं शिकायत के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर टोल फ्री नंबर 18002331008 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट का शव यमुना नदी में मिला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले 19 साल की स्नेहा देबनाथ का शव रविवार शाम को यमुना नदी से बरामद हुआ। स्नेहा मूलरूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली थी और साउथ दिल्ली के महरौली स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स इलाके में रहती थी।

वह 7 जुलाई की सुबह से लापता थी। रविवार शाम गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे नदी में स्नेहा का शव मिला। स्नेहा के परिवार ने उसके शव की पहचान की है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।इस मामले में महरौली थाने में केस दर्ज किया गया है।

## बोइंग ने कहा- विमानों के फ्यूल स्विच लॉक्स एकदम सेफ

**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका की सरकारी एजेंसी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) और बोइंग ने रविवार को प्राइवेट नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि बोइंग प्लेन के फ्यूल स्विच लॉक एकदम सेफ हैं। FAA ने कहा, फ्यूल कंट्रोल स्विच का डिजाइन, लॉकिंग फीचर्स, बोइंग के अलग-अलग विमानों में एक ही है। फिर भी हम इसे खतरे की स्थिति नहीं मानते, जिसके लिए किसी भी बोइंग विमान मॉडल पर एयरवर्दीनेस डायरेक्टिव देने की जरूरत पड़े। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, FAA और बोइंग ने यह नोटिफिकेशन 11 जुलाई को अहमदाबाद-लंदन प्लेन क्रैश की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद जारी किया, जिसमें इंजन फ्यूल कटऑफ स्विच पर सवाल उठाए गए थे।



# बिहार में बाढ़-बिजली गिरने से 13 की मौत

● राजस्थान में 7 की जान गई, म.प्र.के 4 जिलों में बाढ़; लैंडस्लाइड से चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद

● काशी में 80 फीट की बुद्ध प्रतिमा पर बिजली गिरी, जिससे प्रतिमा का शिखर टूट गया

**नई दिल्ली/भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है।

राजस्थान में भी बीते 1 दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। ब्यावर में कीचड़ में गिरने से बच्चे की जान चली गई। भरतपुर में बिजली गिरने से पाली में बारिश में करंट लगने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर और गुना में बाढ़ के हालात हैं। रविवार को इन जिलों के कई गांव बाढ़ में घिरे रहे। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप बह गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई है। अब तक 770 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। मंडी में चंडीगढ़-मनाली हाईवे एक बार फिर लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है।

यूपी के बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर स्थित गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोल दिए गए हैं। वाराणसी में गंगा नदी उफान पर है। रत्नेश्वर महादेव मंदिर 80 फीसदी डूब चुका है। वहीं, भगवान बुद्ध की 80 फीट ऊंची प्रतिमा पर बिजली गिरने से शिखर क्षतिग्रस्त हो गया।



# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को 1000 किलो आम भेजे

### यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी हरिभंगा आम गिफ्ट

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे।

भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है।

इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं।

ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए।



### यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी

बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। मगर इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं। ऐसे में सवाल उठ रहे थे कि क्या इस परंपरा को जारी रखा जाएगा या फिर यह बंद हो जाएगी।

### तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

# सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं रिश्ता जासूसी तक पहुंचा तो पहले ही टूट चुका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की बिना जानकारी रिकॉर्ड की गई कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच संवाद को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन हम इसे तलाक जैसे मामलों में अपवाद मानते हैं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बैंच ने कहा, ÷हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। क्या था मामला यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने सीडी को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। पति की दलील- हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित है और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतुलित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।



### दिल्ली कोर्ट ने कहा था- पत्नी को पति की संपत्ति मानने की सोच असंवैधानिक

दिल्ली हाईकोर्ट ने 18 अप्रैल को एक महिला के पति की ओर से दायर व्यभिचार (एडल्टरी) के केस में आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा- पत्नी को पति की संपत्ति मानने की सोच अब असंवैधानिक है। यह मानसिकता महाभारत काल से चली आ रही है। जस्टिस नीना बंसलकृष्णा ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के उस ऐतिहासिक निर्णय का हवाला दिया, जिसमें आईपीसी की धारा 497 को असंवैधानिक करार दिया गया था। यह कानून पितृसत्तात्मक सोच पर आधारित था, जिसमें पत्नी को अपराधी नहीं, बल्कि ऐसी महिला माना गया, जिसे बहकाया गया। हाईकोर्ट ने कहा- महाभारतमें द्रौपदी को उसके पति युधिष्ठिर ने जुए में दांव पर लगा दिया था। द्रौपदी की कोई आवाज नहीं थी, उसकी गरिमा की कोई कद्र नहीं थी। यह सोच आज भी समाज में बनी हुई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया है।

# नेहरू-गांधी परिवार अमेरिका के आगे नतमस्तक

### भाजपा सांसद ने परमाणु डिवाइस लापता होने पर उठाए सवाल





**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला और अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा नंदा देवी पर्वत में परमाणु उपकरण के गुम हो जाने पर सवाल उठाए। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि भारत में जो प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, उसकी वजह सीआईए का वो लापता हुआ परमाणु उपकरण हो सकता है।

**अमेरिकी कांग्रेस का कथित पत्र किया साझा** :भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा साल 1978 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति को लिखे पत्र की एक प्रति संलग्न की है। इस पत्र में सीआईए के गुप्त अभियान और हिमालय में गुम हुए प्लूटोनियम संचालित उपकरण से रेडियोएक्टिव रिसाव को लेकर चिंता जताई गई है। इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति से इस मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की थी। अमेरिका कांग्रेस के कथित पत्र में 1960 के दशक में सीआईए के पुराने अभियान का हवाला दिया गया, जिसमें बताया गया कि कथित तौर पर चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नंदा देवी शिखर पर परमाणु ऊर्जा से चलने वाले दो निगरानी उपकरण लगाए गए थे। पत्र के अनुसार, इन उपकरणों में से एक उपकरण कथित तौर पर हिमस्खलन के कारण गुम हो गया। जो मिल नहीं पाया। इस उपकरण से रेडियोएक्टिव पदार्थ के रिसाव होने का खतरा है। अमेरिका कांग्रेस ने चिंता जताते हुए लिखा कि रेडियोएक्टिव पदार्थ के गंगा नदी में रिसाव का खतरा है।

**भाजपा सांसद ने नेहरू-गांधी परिवार पर लगाए गंभीर आरोप** :भाजपा सांसद ने आरोप लगाते हुए लिखा कि अमेरिका के आगे नेहरू-गांधी परिवार नतमस्तक है। उन्होंने सवाल पूछते हुए लिखा कि क्या केदारनाथ का हादसा अमेरिका के परमाणु उपकरण के कारण हुआ, जो नंदा देवी पर्वत के शिखर से 1960 से गायब था? क्या तीस्ता नदी में बाढ़ का कारण भी वही है? क्या गंगोत्री यमुनोत्री के पिघलते ग्लेशियर और गंगा के पानी में लगातार कमी, किसानों की तबाही के लिए जिम्मेदार, नेहरू जी का सरेंडर है?

# मुख्तार का शूटर शाहरुख पठान एनकाउंटर में ढेर

### मुजफ्फरनगर में 6 महीने पहले हुई थी शादी, रील में अब्बास अंसारी के साथ दिखा था

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी।** यूपी के मुजफ्फरनगर में स्त्रस्न ने मुख्तार अंसारी गैंग के शार्प शूटर शाहरुख पठान को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। STF को शाहरुख की लोकेशन छपार इलाके में मिली। इसके बाद टीम ने घेराबंदी की। इसी दौरान शाहरुख कार से वहां पहुंचा। STF ने कार रुकवाई, तो शाहरुख ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

मेरठ STF टीम की जवाबी कार्रवाई में शाहरुख मौके पर ही ढेर हो गया। एनकाउंटर सोमवार तड़के 4 बजे छपार थाना क्षेत्र के रोहाना मार्ग पर हुआ। मुजफ्फरनगर के खालापार का रहने वाले शाहरुख की एक रील सामने आई थी। इसमें वह मुख्तार के बेटे अब्बास के साथ नजर आ रहा था। यह रील कब और कहां की है? यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।





शाहरुख की 6 महीने पहले शादी हुई थी। वह शॉर्प शूटर था। वह प्रोफेशनल किलिंग यानी सुपारी लेकर हत्या करता था। मुख्तार गैंग के साथ ही पश्चिम यूपी में कुख्यात संजीव जीवा गैंग के लिए भी काम करता था। उस पर लूट और हत्या के 12 से ज्यादा मामले दर्ज थे।

उत्तराखंड में कंबल कारोबारी गोल्डी की 2017 में हत्या की थी। इस मामले में शाहरुख को संजीव जीवा के साथ उम्रकैद की सजा हुई थी। करीब 8 महीने पहले वह जमानत पर बाहर आ गया। जेल से बाहर आते ही उसने हत्या के गवाहों को धमकाना शुरू कर दिया।

संभल जिले के बनियाठेर थाने में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास और धमकी देने का केस दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। इसके बाद वह अंडरग्राउंड हो गया। तब से पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी।

# जेलों में बढ़ता कट्टरपंथ बड़ी चुनौती, सरकार का निर्देश- कड़ी नजर रखें राज्य-केंद्र शासित प्रदेश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** गृह मंत्रालय ने जेलों में बढ़ते कट्टरपंथ को गंभीर चुनौती बताया है। मंत्रालय ने जेलों में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने एवं आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कट्टरपंथ की बढ़ती प्रवृत्ति पर तत्काल अंकुश लगाने की जरूरत बताई है। मंत्रालय ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे एक पत्र में कैदियों की जांच, समय-समय पर जोखिम मूल्यांकन और उच्च जोखिम वाले कैदियों को अधिक निगरानी के साथ अलग रखने सहित विभिन्न उपायों की सूची समेत कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने ऐसे कैदियों को कट्टरपंथ से मुक्त करने के लिए एक अभियान




चलाने के लिए भी कहा है।

पत्र में कहा गया है, जेलों में कट्टरपंथ ज्यादा खतरनाक हो सकता है क्योंकि समाज से कटे होने के कारण यहां सामूहिक गतिशीलता और निगरानी की कमी होती है। कुछ मामलों में, कट्टरपंथी कैदी हिंसा में शामिल हो सकते हैं या जेल कर्मचारियों, साथी कैदियों और यहां तक कि बाहरी लक्ष्यों के खिलाफ हमले की योजना बना सकते हैं।

### पहचान करने के लिए लें खुफिया मदद

पत्र में कहा गया है कि कैदी के जेल में प्रवेश के समय और उसकी कारावास अवधि के दौरान, समय-समय पर व्यक्तिगत जोखिम का आकलन किया जाना चाहिए। इसके लिए जेल विभाग, कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय कर सकते हैं ताकि ऐसे कैदियों की पहचान की जा सके जो अन्य कैदियों पर कट्टरपंथी प्रभाव डालने का जोखिम पैदा कर सकते हैं।

# महिसागर नदी पर हादसे की जगह बनेगा नया पुल, गुजरात सरकार ने 212 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी





**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात सरकार ने महिसागर नदी में पुल गिरने की घटना के चार दिन बाद उस स्थान के पास एक नया दो लेन का ऊंचा पुल बनाने की मंजूरी दे दी। इस परियोजना के लिए 212 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ने वाले चालीस साल पुराने पुल का एक हिस्सा नौ जुलाई को गिर ढह गया था। यह पुल गंभीरा गांव के पास बना था। इस हादसे के काण कई वाहन भी महिसागर नदी में गिर गए थे। शुक्रवार तक मृतकों की संख्या 20 पहुंच चुकी थी, जबकि एक व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है। यह पुराना पुल मध्य गुजरात और सौराष्ट्र के बीच संपर्क का एक महत्वपूर्ण मार्ग था।

## परमान्दपुर में एक बृद्ध के 80 हजार रूपये ठगी कर ठग फरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बाहर सोमवार को ठगों ने एक वृद्ध से चालाकी से ?80,000/- ठग लिए। लोगों को जागरूकता के लिए धोखाधड़ी करने वाले लोगों के विषय में जागरूकता अभियान एवं आये दिन हो रही धोखाधरी की घटनाओं की जानकारी लोगों को दी जाती है फिर भी लोग सतर्क नहीं रह रहे हैं। लोग लालच ने आकर अपना समान या पैसा गंवा बैठते है। ऐसा ही एक मामला परमानंदपुर निवासी टुनटुन शाह बैंक से ?1.30 लाख निकालकर बाहर निकले ही थे कि दो युवकों ने उनसे ?500 के खुले नोट बदलने का बहाना किया। बातचीत में युवकों ने उन्हें नकली नोटों से भरा बंडल पकड़ाकर असली ?80,000 ले लिए और बाइक से फरार हो गए। ठगी का एहसास होते ही वृद्ध ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

## सड़क दुर्घटना मे बीडीसी सदस्य की मौत, आक्रोशित ग्रामीणो ने किया छपरा पटना मार्ग जाम

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** सदर प्रखंड के महाराजगंज निवासी बीडीसी सदस्य 50 वर्षीय धर्मनाथ गुप्ता सोमवार की दोपहर लगभग 12-30 बजे सदर प्रखंड से अपने बाइक से घर लौट रहे थे। खलपुरा चौक के पास डोरीगंज से छपरा की ओर जा रही ट्रक से आमने सामने भिडंत हो गई और श्री गुप्ता बाइक समेत ट्रक के अंदर चले गए ट्रक कुछ दुरी तक धसीटता रहा जिसके कारण उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोर भागने मे सफल रहा ,घटना सुचना मिलते ही घटना स्थल पर ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई और लगभग डेढ़ घंटे तक छपरा पटना मार्ग जाम रहा घटनास्थल पर मुफ्फसिल व डोरीगंज थानाध्यक्ष, सदर प्रखंड विकास पदाधीकारी दीपक आनंद, महाराज गंज मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर चौधरी, यातायात थानाध्यक्ष पहुंच स्थिति को नियंत्रित कर शव को अंत्य परीक्षण के लिएसदर अस्पताल छपरा भेजा गया।

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर के कर्मचारी अरविंद सिंह का निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहर नाथ मंदिर में करीब दो दशक तक सेवक के रूप में कार्यरत अरविन्द सिंह के आकस्मिक निधन पर मंदिर समिति के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पार्थिव शरीर पहुँचने के उपरांत मंदिर सचिव विजय कुमार सिंह के नेतृ?त्व में मंदिर के सभी सदस्यों पंडा पुजारी एवं कर्मचारी ने माल्यार्पण कर बाबा हरिहरनाथ के प्रति उनका समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा पर प्रकाश डालते हुए विजय कुमार सिंह ने कहा कि अरविंद सिंह 66 वर्ष के करीब थे । अरविन्द सिंह का निधन नगर पंचायत के डोलिया सेंदुर चौक स्थित अपने आवास पर रविवार के दोपहर में हुआ । उनक मृत आत्मा के शांति हेतु सोनपुर वासियो ने विन?म श्रधांजली अर्पित किया । उनके अंतिम संस्कार सोनपुर के कालीघाट पर सोमवार को उनके पुत्र के द्वारा मुख्यअग्नि दिया गया। अंतिम संस्कार में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर कमिटी को सांसद रूडी के सौजन्य 5 व्हीलचेयर सौंपा गया



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से सावन में भीड़ को देखते हुए असहाय लोगो के मदद के लिए बाबा हरिहरनाथ मंदिर में 5 व्हीलचेयर मंदिर कमिटी को सोमवार को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति व सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मंदिर में व्हीलचेयर होने से असहाय लोगो को मदद मिलेगी। मौके पर मंदिर सचिव विजय सिंह लाला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, पुजारी सुशीलचंद्र शास्त्री, पवन शास्त्री,बमबम बाबा, सदानंद बाबा, भूटकून बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सभी लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया।

## नपं ईओ को विकास मित्र ने एससी एसटी की दी धमकी, थाने पहुंचा मामला

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** एक विकास मित्र ने अपने अधिकारी पर ही एससी एसटी एक्ट के केस करने की धमकी दे दी। मामला बिगड़ने और थाना के हिरासत में लेने पर विकास मित्र ने माफी मांगी और दुबारा ऐसा नहीं करने की बात कही। मामला नगर पंचायत मढ़ौरा का है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत मढ़ौरा के नाम से सोशल साइट पर एक फर्जी पेज चलाने और पेज से गलत पोस्ट करने का एक मामला सामने आया था। इसकी जानकारी के मामला थाना तक पहुंच गया। हालांकि बाद में पेज चलाने वाले विकास मित्र व उसके परिवार के सदस्यों से द्वारा दुबारा से ऐसा नही करने की बात को लिखित रूप में स्वीकरने पर मामला खत्म करने की कोशिश की जा रही थी। मामले को लेकर ईओ बबलू कुमार ने बताया कि उन्हें सोशल साइट पर नगर पंचायत मढ़ौरा का फर्जी पेज संचालित करने की जानकारी मिली थी। इस पेज से गलत पोस्ट किए जा रहे थे, जिससे भ्रम जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस पेज को नपं के एक विकास मित्र व उनके परिजन द्वारा चलाया जा रहा था। जब इसकी पूछताछ की गई तो विकास मित्र ने ईओ पर ही एससी एसटी केस करने की धमकी दे दी। इससे नराज ईओ ने थाना को सूचना दी और विकास मित्र को पुलिस हिरासत में भेजवा दिया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोर की मौत, गांव में पसरा मातम

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साधपुर गांव में सोमवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक 10 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के रतनलाल महतो के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया।परिजनों ने बताया कि शिवम दोपहर में गांव के अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेल रहा था, तभी मौसम अचानक बिगड़ गया। बारिश के साथ आसमान में भीषण गर्जना शुरू हो गई। तेज आवाज से घबराकर शिवम एक पेड़ के नीचे जाकर छिप गया। उसी दौरान अचानक उसी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी।बिजली की चपेट में आने से शिवम बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही गिर पड़ा। परिजन व ग्रामीण आनन-फानन में उसे लेकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दाउदपुर थाने की पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।उधर शिवम की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शिक्षिका का गले से सोने का चेन झपट कर बाइक सवार उचक्के फरार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।**अपने घर से विधालय आ रही महिला शिक्षिक से बाइक सवार दो अपराधियों ने गले से सोना की चैन स्नेच कर ली। घटना सोमवार की सुबह नौ बजे के करीब मढ़ौरा- अमनौर एसएच-73 पर बहेरा गाछी के करीब की है। महिला शिक्षिका ने घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विधालय राहीमपुर में कृति कुमारी शिक्षिका है। सोमवार की सुबह नौ बजे के करीब वह अपने पति के साथ बाइक से विधालय जा रही थी। जैसे ही वह अमनौर मढ़ौरा रोड में बहेरा गाछी के पास पहुंची एक बाइक पर दो लोग उसके पीछे आए। इसी बीच सामने से एक यात्री बस के आ जाने के कारण उसके पति ने अपनी बाइक का ब्रेक लेकर बाइक किनारे की। उनकी बाइक के स्लो होते ही बाइक सवार स्नैचर ने झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन खींच ली और तेजी से मढ़ौरा की ओर फरार हो गए। घटना के बाद शिक्षिका ने पुलिस को सूचना दी और मढ़ौरा थाना पहुंच कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। सूचना के बाद से पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस अपराधी के भागने के मार्ग में लगे सीसी कैमरा फूटेज के आधार पर कुछ संदिग्ध की पहचान की है।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवारी पर बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर सावन के पहली सोमवारी को पटना, बैशाली जिले के अलवा सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के भारी संख्या में शिव भक्तो ने पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी व सोनपुर के नारायणी नदी सहित अन्य नदियों में स्नान करने के उपरांत भारी संख्या में शिव भक्तों ने बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालयों में जल अभिषेक किया और बोल बम के नारा है,बाबा एक सहारा है के नारे लगाये। यह सिलसिला हर शिवालयों में सोमवार के भोर से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए शिवभक्त लंबी लंबी कतारें में खड़े होकर अपनी बारी के इंतजार कर भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। क्या गांव क्या शहर हर जगह बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारे से माहौल शिवमय हो गया था। सोमवार के संध्याकाळीन वारिश होने के कारण मंदिर के बाहरी हिस्से के सजावट व लाईट में थोड़ी आकर्षक धीमी पड़ गयी। आसपास स्थलों में किचड़ और पानी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बतादे कि बिहार के प्रसिद्ध मंदिर बाबा हरिहरनाथ मंदिर के पुजारी ने सोमवार को भोर में भगवान हरि व हर को स्नान, रुद्राभिषेक एवं मंगल आरती के बाद तीन बजे से पट शिवभक्तो के लिए खोल दिया गया। पट द्वार खोलने से पूर्व ही जलाभिषेक को श्रद्धालुओं का लंबी कतार लग गया था और यह 3.30 बजे शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तगण शिवालयों के शिवलिंग एवं भोले बाबा की मूर्ति पर बेलपत्र, भांग धतूरे चढ़ाये एवं पवित्र गंगा जल एवं दूध,मधु से अभिषेक कराये। संध्याकालीन बाबा हरिहरनाथ के गर्भगृह में हाजीपुर के उर्वशी होटल के मालिक पप्लू सिंह के द्वारा बाबा हरि व हर का भव्य श्रृंगार कराया गया। बाबा के आरती के उपरांत लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला व कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि इस वर्ष पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही। मंदिर न्यास समिति एवं स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा की व्यापक इंतजाम किए हुए था । मंदिर एवं उसके आस पास सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कंट्रोल रूम में बैठ कर लगातार हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग किया जा रहा था । अत्यधिक शिव भक्तो के भीड़ को व्यवस्थित ढंग से बारी बारी से लगाए गए अरघा सिस्टम से जलाभिषेक कराया गया। इसके लिए बजाप्ता बैरिकेडिंग किया गया था इसके अलावा महिला एवं पुरुष सुरक्षा बल, स्काउट एंड गाइड के कैडेटों तथा मंदिर न्यास समिति के स्वयंसेवकों को लगाया गया था जिसके माध्यम से भीड़ को व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लेकर हरिहरनाथ मंदिर एवं कालीघाट तक प्रशासन अपने कार्यों में डटे रहे। संध्याकालीन हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के तरफ से गंगा आरती का आयोजन किया गया। जहां शंख,ढोल नगाड़े के साथ गंगा आरती बाबा हरिहरनाथ मंदिर अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री, पवन शास्त्री सहित अन्य विद्वान पंडितों के द्वारा गंगा आरती कराया गया। आरती के उपरांत कल कल छ्ल छ्ल करती धाराएं के बीच जब दीये नदी में प्रवाहित किया गया तों दीये से जगमग रौशनी आगे की ओर बढ़ रहा था। वही पहलेजा घाट से लेकर बाबा हरिहरनाथ मंदिर तक किए गये प्रसासनिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग एसडीओ और डीएसपी सहित अन्य वरिय अधिकारी हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए थे। प्रशासन द्वारा जगह जगह सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू ढंग से चलाने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही मेडिकल टीम भी मुस्तैदी से तैनात रहे । सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के हर शिवालयों में संध्या कालीन भोलेनाथ के भव्य श्रृंगार और आरती किया गया उसके उपरांत शिव भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## सीएचसी मशरक में एक्सरे मशीन खराब, मरीजों में आक्रोश

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में पिछले एक महीने से एक्सरे मशीन खराब होने से मरीजों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिससे एक्स-रे करवाने वाले मरीजों को उमसभरी गर्मी में चक्कर लगाने के साथ निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर अपनी जेब भी ढीली करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक पर लगभग दो लाख की आबादी के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। मौजूदा समय में बेहतरीन डाक्टरों का पैनल प्रतिदिन लगभग 50-100 मरीजों की ओपीडी चलाती है, लेकिन जर्जर उपकरण और सीमित संसाधनों के बीच डाक्टरों को इलाज करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी पर मौजूद एक्स-रे मशीन काफी पुराना व जर्जर अवस्था में है, जो आए दिन खराब स्थिति में रहता है। मौजूदा समय में भी बीते 30 दिनों से एक्स-रे मशीन खराब है। ओपीडी के दौरान प्रतिदिन लगभग 50 मरीजों फेफड़ा के रोगी समेत अन्य प्रकार के मरीजों को एक्स-रे की सलाह दी जाती है, लेकिन मरीजों को एक्स-रे मशीन से बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। मरीज मजबूरन निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर मुंहमांगा पैसा देकर एक्स-रे करवाते हैं। गोपालवाड़ी गांव निवासी पप्पू सिंह ने बताया कि एक मरीज को दिखाने ले गए थे, लेकिन एक्सरे मशीन खराब होने के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा। सेमरी गांव निवासी समाजसेवी महेश्वर सिंह ने अपने पंचायत एक एक गरीब और लाचार व्यक्ति को सीने में दिक्कत होने के चलते एक्स-रे करवाना था। वही मशरक पूरब टोला गांव निवासी शुभनारायण सिंह ने बताया कि अपने संबंधी को दिखाने लाए थे जिन्हें सीने में दर्द हो रहा था, चिकित्सक द्वारा एक्सरे के लिए बोला गया जब कराने गए तो पता चला कि एक्सरे मशीन धूल फांक रहा है। इतने भीषण गर्मी में मशीन खराब रहना स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम पर सवालिया निशान लगा रहा है। स्थानीय मरीजों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने भी सीएचसी पर डिजिटल एक्स-रे मशीन लगवाने की मांग की है। सीएचसी प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने कहा, एक्स-रे मशीन को ठीक करवाने के लिए अधिकारियों से तथा डिजिटल एक्स-रे मशीन के लिए शासन से पत्राचार किया गया है।

# शिल्हौड़ी मंदिर में सावन की पहली सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।**जिला के प्रमुख शिवालय के रूप में प्रसिद्ध शिल्हौड़ी शिलनिधि मंदिर में सावन की पहली सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शिवभक्तों का मंदिर आना शुरु हो गया था जो शाम तक बना हुआ था। पहली बार पुरुष के साथ साथ महिलाओं के लिए बैरिकेटिंग की गई थी। पूरा मंदिर और मंदिर की ओर जाने वाली सभी मार्ग बोल बम, जय शिव के जयघोष से गुंजित होता रहा। मंदिर के प्रधान पुजारी धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सावन में सोमवारी विशेष होता है, इस दिन भगवान शिव की विशेष कृपा होती है । सावन की पहली सोमवारी होने से शिवभक्तों की भीड़ मंदिर पर उमड़ पड़ी थी। मंदिर कमेटी ने बताया ने दोपहर बाद तक करीब 60 हजार के करीब शिव भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक कर लिया था। हालांकि दोपहर के बाद भी लोगों का मंदिर पहुंचना और जलाभिषेक जारी था । इधर नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध गढ़देवी मंदीर में शिवभक्तों की भीड़ बनी हुई थी। हजारों लोगों ने मंदिर पहुंच कर मंदिर स्थित शिवालय में जलाभिषेक किया। प्रखंड के अन्य शिवालयों में भी सोमवारी को लेकर शिव भक्तों की भीड़ बनी हुई थी।पुलिस बल की मौजूदगी से स्थिति बनी रही समान्य पहली सोमवारी को सुबह से मंदिर पर भीड़ पहुंचने लगी थी। इस दौरान मंदिर पर व्यवस्था नियंत्रण के लिए पुलिस बल की मौजूदगी से भीड़ अनियंत्रित होती रही। हालांकि बैरिकेटिंग और अर्घा व्यवस्था से पुरुष और महिलाओं को सुविधा मिली। मंदिर प्रबंध कमेटी की तरफ से रखे गए स्वयं सेवकों के तरफ से शिवभक्तों की मदद के लिए तत्परता से जुटे दिखे।करीब 40 पुलिस बल और दंडाधिकारी की तैनाती

शिल्हौड़ी शिव मंदिर में विधि व्यवस्था के नियंत्रण में? करीब 40 पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। भीड़ नियंत्रण को लेकर डेढ़ दर्जन होमगार्ड के जवान, दर्जनों बीएमपी, डीएपी, चौकीदार, दफादार के जवान के साथ पुलिस पदाधिकारी और एक दर्जन पॉइंट पर दंडाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति किया गया है। इस के अतिरिक्त एसडीएम और मंदिर प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष डॉक्टर निधि राज, डीएसपी नरेश पासवान, थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भी सोमवारी पर विधि व्यवस्था को लेकर मंदिर में बने हुए थे।?

## सावन के पहले सोमवारी को मशरक के शिवालयों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के विभिन्न शिवालयों में सावन के पहले सोमवारी को भक्तों की भारी उमड़ पड़ी। सभी प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। भक्तों ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया। नगर पंचायत क्षेत्र के राम-जानकी शिव मंदिर, कनक मंदिर, स्टेशन परिसर शिव मंदिर समेत सोनौली, मदारपुर,डुमरसन समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिव का अभिषेक किया। भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, शहद से भगवान का अभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र, भांग और धतूरा भी अर्पित किया। पुजारी टुन्ना बाबा के अनुसार सावन माह में रूद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इस दौरान किए गए रूद्राभिषेक से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। महिलाओं ने व्रत रखकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की आवाज गूंजती रही। भक्तों का मानना है कि सावन में शिव मंत्रों का जाप और रूद्राभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।

## सावन के प्रथम सोमवार पर गौरीशंकर नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**दैनिक खोज खबर/ बनियापुर (सारण)।** प्रखंड के बेरूई स्थित गौरीशंकर नाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।व्यवस्था के तहत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। श्रद्धालु शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन में शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाने से भी भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।इस वर्ष सावन माह 11 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक रहेगा। इस दौरान चार सोमवार पड़ेंगे। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने से आर्थिक लाभ मिलता है। साथ ही प्रेम जीवन की परेशानियां दूर होती हैं। विशेष रूप से कन्याओं के लिए यह व्रत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे उन्हें योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति होती है।

## एकमा व आसपास के शिवालयों में जलाभिषेक हेतु उमड़े श्रद्धालु, हर हर महादेव से गूंजते रहे शिवालय

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** भगवान शिव को प्रिय सावन माह के पहले सोमवार के विशेष अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में अभिषेक हेतु श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने शिवालयों में पहुंच कर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना किया। इस दौरान गंगा जल, दूध, अक्षत, रोली, चंदन, विल्वपत्र, भांग, धतूरा व नैवैद्य अर्पित किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के अलावा श्रद्धालु भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मोहब्बत नाथ के मठिया, मौज बाबा के मठिया, आमडाढ़ी-कर्णपुरा, रसूलपुर, भरहोपुर मठिया, खानपुर, गौसपुर, नचाप, मुबारकपुर, पचुआ, विशुनपुरा कला, भरहोपुर, परसागढ़, फुचटी कला, टेघरा, नरवन, महम्मदपुर आदि स्थानों पर स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं सभी जगहों पर महिलाओं व कन्याओं ने सावन के पहले सोमवार के अवसर पर व्रत रख कर शिव-पार्वती की उपासना किया।

# कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर पत्रकारों व बुद्धिजीवियों ने जितेंद्र बच्चन को दी बधाई

## एसकेएफआई व कायस्थ परिवार के सदस्यों ने जताई खुशी

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसकेएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन को भारतीय कबीर मठ, राजस्थान द्वारा ÷कबीर कोहिनूर अवॉर्ड 2025÷ से सम्मानित किए जाने पर छपरा समेत प्रदेशभर के पत्रकारों, समाजसेवियों, चित्रांश संगठनों और बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। सभी ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र और समुदाय के लिए गर्व की बात बताया।एसकेएफआई के बिहार प्रदेश प्रभारी एवं सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव ने जितेंद्र बच्चन को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी पत्रकारिता में दीर्घकालिक निष्पक्षता, उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए मिला है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के नागौर में अखिल भारतीय कबीर मठ और सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य समारोह में देश की 100 विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए ÷कोहिनूर अवॉर्ड÷ से सम्मानित किया गया, जिनमें बच्चन जी का नाम भी शामिल है।उन्हें यह सम्मान पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री सत्य नारायण




जाटिया, स्वामी संपूर्णानंद महाराज, श्री महंत भारत भूषण एवं डॉ. नामक दास के कर-कमलों से प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर दिया गया।कायस्थ परिवार, छपरा के मुख्य संयोजक अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू, उपाध्यक्ष कमल किशोर सहाय और सचिव अजित कुमार सहाय ने ऑल इंडिया कायस्थ काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में बच्चन जी की इस उपलब्धि को चित्रांश समाज के लिए गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कायस्थ समाज की सामाजिक सक्रियता और पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है।देश के विभिन्न अखबारों में काम कर चुके प्रख्यात पत्रकार जितेंद्र बच्चन अपने निष्पक्ष एवं खोजपरक लेखन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों को धरातल पर उतार कर एक मिसाल कायम की है, जिसकी परिणति कोहिनूर अवॉर्ड के रूप में हुई है।सारण जिले के पत्रकारों में डॉ. सुनील प्रसाद, किशोर कुमार, गजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार पांडेय, केके सिंह सेंगर, रंजन श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, मिथिलेश सिंह, मनोज सिंह, संजीव कुमार शर्मा, मनींद्र नाथ सिंह मुन्ना अमित सिंह, वीरेश सिंह, नितेश कुमार सिंह समेत कई पत्रकारों व बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में और ऊंचाईयों को छूने की कामना की है।

# स्मृतिशेष : तार (टेलीग्राम) सेवा की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष

**विवेकानंद सिंह।**

दैनिक ख़ोज ख़बर/बलिया - पुरानी पीढ़ी के लोगों के मन-मस्तिष्क में आज भी डाक एवं तार विभाग द्वारा संचालित टेलीग्राम (तार) सर्विस की स्मृतियाँ ताज़ा होंगी। क्योंकि कुछ साल पहले जब किसी को कोई सन्देश देना होता था तो वह झट से तार-घर पहुँचकर तुरन्त एक तार (telegram) भेज देता था। परन्तु कालान्तर में जब एसटीडी फ़ोन सेवा, फिर इंटरनेट और अंततः मोबाइल सेवा शुरू हो गई, तब तार (Telegram) पुराने ज़माने की बात हो गई। जिसके चलते भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने गत् 15 जुलाई, 2013 को लगभग 163 वर्ष पुरानी तार सेवा को हमेशा के लिए बन्द कर दिया।नेशनल म्यूज़ियम ऑफ़ अमेरिकन हिस्ट्री द्वारा उपलब्ध विवरणानुसार टेलीग्राफ़ के आविष्कारक सैमुअल फिनले ब्रीज़ मोर्स ने 24 मई, 1844 को वाशिंगटन, डी. सी. से लगभग 44 मील दूर बाल्टीमोर, मैरीलैंड में अपने सहयोगी अल्फ्रेड वेल को जब पहला टेलीग्राम, जिसमें लिखा था "What hath God wrought?"

(बाइबिल, संख्या 23ः23ः ÷ईश्वर ने क्या किया है?÷), भेजा, तब दुनिया में तहलका मच गया।

कोलकाता के सोहम चंद्रा के ब्लॉग वांडर्लस्ट में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गवर्नर-जनरल ऑफ़ इण्डिया, लॉर्ड डलहौजी के आदेशानुसार 1850 में रॉयल इंजीनियर्स के विलियम ओशॉघनेसी की देखरेख में अलीपुर, कलकत्ता (अब कोलकाता) से डायमंड हार्बर तक पहली लाइन बिछाने की योजना बनी, जिसके कार्यशाला प्रभारी थे - शिव चंद्र नंदी, 30 नवम्बर, 1851 तक लाइन बिछा दी गई और फिर नंदी ने डायमंड हार्बर से पहला सिग्नल भेजा, जिसे ओशॉघनेसी ने कलकत्ता (अब कोलकाता) में लॉर्ड डलहौजी की उपस्थिति में प्राप्त किया। तत्पश्चात् काम आगे बढ़ा और 27 अप्रैल, 1854 को बॉम्बे (अब मुम्बई) से पूना (अब पुणे) के लिए पहला टेलीग्राम (जिसे बाद में तार कहा जाने लगा) भेजा गया।प्रारम्भिक दिनों में टेलीग्राम, यानी तार का प्रयोग ईस्ट इण्डिया कम्पनी के महकमों, कम्पनी की सेना, पुलिस या खुफ़िया विभाग के संदेशों को देश के इस कोने से उस कोने तक पहुँचाने के लिए किया जाता था। केविन स्टैंडेज के ब्लॉग, टेलीग्राफ़ मेमोरियल, दिल्ली द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1857 की क्रांति को दबाने में अंग्रेजों की सफलता का श्रेय जिन कारकों को दिया जाता हैः उनमें से एक प्रमुख कारक था - तार-संचार माध्यम का उपयोग। यदि विद्रोहियों ने इसके सामरिक महत्व को पहचानकर इसके संचालन को पूर्णतया बाधित कर दिया होता, तो भारत में ब्रिटिश शासन नब्बे साल पहले ही समाप्त हो चुका होता।




10 मई, 1857 को जब मेरठ में उक्त क्रांति की शुरुआत हुई, तब दिल्ली के टेलीग्राफ़ ऑफ़िस में प्रबंधक चार्ल्स टॉड अपने दो सहयोगी सिग्नलर्स, विलियम ब्रेंडिश और जॉन पिल्किंगटन के साथ बैठे थे। उस दिन रविवार होने के कारण ऑफ़िस भोर से सुबह नौ बजे तक ही खुला था, ऑफ़िस बंद होने से कुछ देर पूर्व मेरठ से आए एक संदेश में मेरठ छावनी में उत्पन्न अशांति का वर्णन किया गया था, दोपहर चार बजे टॉड ने पाया कि मेरठ जानेवाली लाइन काट दी गई थी। उधर मेरठ में शाम को विद्रोह भड़क उठा, लेकिन टेलीग्राफ़ लाइन कट जाने के कारण ख़बर दिल्ली नहीं पहुँच सकी। हालाँकि, आधी रात को मेरठ के पोस्टमास्टर ने आगरा में अपने एक रिश्तेदार को निजी टेलीग्राम भेजकर विद्रोह की चेतावनी दे दी। जिसे आगरा के लेफ़्टिनेन्ट-गवर्नर सर जॉन कॉल्विन को दिखाया गया, जिन्होंने राजधानी कलकत्ता (अब कोलकाता) में बैठे गवर्नर-जनरल ऑफ़ इण्डिया, लॉर्ड कैनिंग को इसकी सूचना दे दी।अगली सुबह, यानी 11 मई को विद्रोही यमुना नदी पारकर दिल्ली आ पहुँचे; वह यहाँ लूट, आगजनी के साथ ही यूरोपीय लोगों की हत्या कर रहे थे। ब्रेंडिश ने इसकी सूचना अम्बाला छावनी को भेज दियाः ÷हमें दफ़्तर छोड़ना होगा। सारे बंगले आग की चपेट में हैं, जिसे मेरठ के सिपाहियों ने जला दिया है। हम जा रहे हैं।÷ बाद में यह संदेश पंजाब भर के सभी छावनियों को भेज दी गई। चूंकि टेलीग्राफ़ लाइन अभी तक शिमला नहीं पहुँची थी, जहाँ भारत के कमाण्डर-इन-चीफ़, जनरल सर जॉर्ज एंसन आराम कर रहे थे। सरहिंद डिवीज़न के कमांडर, मेजर-जनरल सर हेनरी बर्नार्ड ने अपने बेटे कैप्टन बर्नार्ड को टेलीग्राम की प्रति के साथ घोड़े पर शिमला भेजा। सूचना मिलते ही खराब स्वास्थ्य के बावजूद, एंसन तुरन्त राहत बल की तैयारी हेतु अम्बाला के लिए रवाना हो गए। विद्रोह के दमन के बाद चीफ़ कमिश्नर ऑफ़ अवध, सर रॉबर्ट मोंटगोमरी ने कहा कि %इलेक्ट्रिक टेलीग्राफ़ ने भारत को बचाया है।% उनकी यह उक्ति दिल्ली के म्यूटिनी टेलीग्राफ़ मेमोरियल में एक शिलापट्ट पर अंकित है।ख़ैर 1947 में देश आज़ाद हुआ और तार सेवा, यानी टेलीग्राम दूरसंचार सेवा की रीढ़ बन गई। चाहे जन्म, मृत्यु, शादी, नौकरी, बेरोजगारी, युद्ध या दुर्घटना की सूचना हो, टेलीग्राम ने भारतीयों के जीवन के हर पहलू को छुआ। लेकिन अफ़सोस स्मार्टफ़ोन, ईमेल और इंटरनेट के युग में, डाक सेवा की तरह टेलीग्राम भी बेमानी हो गया और अन्ततः 14 जुलाई, 2013 को रात्रि 9 बजे तक अपनी आख़िरी सेवा देने के बाद यह सेवा काल के गाल में समा गई। 16 अगस्त, 2013 को राज्यसभा में डॉ. योगेन्द्र प्रेमकृष्ण त्रिवेदी (राज्यसभा सांसद महाराष्ट्र) द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में तत्कालीन संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी और विधि एवं न्याय मंत्री, कपिल सिब्बल (सांसद चाँदनी चौक, एनसीटी) ने बताया कि तार सेवाएँ दिनांक 15 जुलाई, 2013 से बन्द कर दी गई हैं, क्योंकि संचार के नये साधनों की उपलब्धता के कारण तार सेवा के उपयोग में कमी आ गई थी, लिहाजा निगम को भारी घाटा का सामना करना पड़ रहा था। तो आइए! मिलकर सदियों पुरानी और बेहद लोकप्रिय स्वर्गीय तार सेवा को स्मरण करें और अपनी भावी पीढ़ी को बताएँ कि तार-घर क्या था?, मोर्स कोड क्या था?, तार भेजने के लिए एक फ़ॉर्म भरना पड़ता था और तार लानेवाले को डाकिया नहीं, बल्कि मैसेंजर कहा जाता था आदि-इत्यादि।

## भारत स्काउट और गाइड सोनपुर क़े सदस्यों ने शिव भक्तो की सहायता

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** सावन माह में राज्य के कोने-कोने से आने वाले कांवड़ियों एवं स्नार्थियों के सेवा के लिए अनुमण्डल पदाधिकारी सोनपुर के निर्देश के आलोक में स्काउट और गाइड क़े सदस्यों ने विश्व प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर में शिविर आयोजित कर सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा तथा सहायता किया ।अनुमण्डल पदाधिकारी सोनपुर के निर्देश में दर्जनों स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया। प्रखंड प्रभारी स्काउट क़े मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि कैप्टन सोनू कुमार के नेतृत्व में बाबा हरिहरनाथ ओपन ट्रूप के 50 स्काउट और गाइड ने इस सेवा शिविर में भाग लिया।अमरदीप कुमार सिंह (एडवांस स्काउट मास्टर) ने बताया की सावन माह का प्रथम सोमवारी के मौके पर भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं की कई तरह की परेशानियां होती है। इसको ध्यान में रखते हुए स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों के द्वारा भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने और जलाभिषेक करने के बाद मंदिर से सुरक्षित बाहर निकलवाने में सहयोग किया गया।शिविर में स्काउट - अनीश कुमार,विवेक कुमार, शिवम, शुभम् , आदित्या, दीपांशु, बबलू,सचिन आकाश,रौशन गाइड - से आभा कुमारी, अर्चना, अन्नू,निधि, रिंकू, रवीना, स्वाति सहित 50 स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक सेवा दिए।

## प्रथम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में सावन के प्रथम सोमवारी को ले जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का सैलाब सुबह से ही उमर पड़ा। पूरा क्षेत्र ÷हर हर महादेव,÷बम बम भोले÷ जय शिव के नारों से गूंज उठा।कुमना स्थित ऐतिहासिक जलेश्वर नाथ मंदिर में तो दिनभर शिव भक्त जल चढ़ाते दिखे।ऐसी मान्यता हैकि इस त्रेता युगीन शिव मंदिर में स्थित जलेश्वर बाबा की पूजा अर्चना करने और जलाभिषेक करने से शिव भक्तों की सारी मुरादे पूरी होती हैं। इस मंदिर के बारे में बताया जाता है कि ÷एक समय त्रेता युग माही,शंभू गए कुंभज ऋषि पाही÷ रामचरितमानस में रचित इस काव्यांश के द्वारा इस ऐतिहासिक स्थल के बारे मे बताया गया है कि त्रेता युग में कुंभज ऋषि अपने आश्रम में राम कथा सुनाया करते थे जिसे श्रवण करने के लिए भगवान शंकर पक्षी का वेश बदलकर यहां हमेशा पहुंचते थे। प्राचीन मंदिरों में शुमार जलेश्वर बाबा मंदिर के परिसर में सावन में सोमवारी को विशाल मेला भी लगता है।वही हरपुर शिवालय स्थित बाबा ओमेश्वरनाथ शिवमंदिर मे सांसद सिग्रीवाल भी पहुंचे। उन्होंने वैदिक मंत्रोचार के बीच जलाभिषेक व पूजा अर्चना की और सर्वलोक कल्याण की कामना की ।इस प्राचीन मंदिर में सुबह से शिव भक्तों का तांता लगा हुआ था। सम्होता के पयहारी बाबा मंदिर मे भी हजारों लोगों ने जलाभिषेक किया। वहीं देवरिया के शिवमंदिर मे गांव के दर्जनो युवाओ ने रिविलगंज के सरयू तट से जलभरी कर सोमवार की सुबह शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। हसुलाही,बनकटा अनवल,कोपा साधपुर बल्ली,चतरा, पतीला संवरी, भटकेसरी, मंगोलापुर मठिया, मिश्रलिया जोड़ा मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्त जलाभिषेक करते दिखे।



## अनुग्रह अनुदान के तहत अंचलाधिकारी द्वारा चार लाख का चेक प्रदान किया गया

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** सर्पदंश से मृतक के परिजन को सोमवार को अंचल कार्यालय परिसर में अनुग्रह अनुदान के तहत अंचलाधिकारी दीनानाथ कुमार द्वारा चार लाख का चेक प्रदान किया गया।अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र के नजीबा में हेवन्ति देवी की पुत्री प्रिया कुमारी की चार वर्ष पूर्व सांप काटने से मृत्यु हो गई थी।जिसके तहत आवश्यक कारवाई पूरी होने के बाद मृतक के आश्रित को अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई है।आश्रित हेवन्ति देवी ने बताया कि अनुदान राशि प्राप्त होने में अधिक समय लगने के कारण हमलोग उम्मीद छोड़ दिए थे।मगर सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन हरेंद्र सिंह ने मामले में पहल करते हुए जिलाधिकारी से संपर्क कर अनुदान राशि दिलवाने में काफी प्रयास किया।अनुग्रह अनुदान मिलने पर आश्रित हेवन्ति देवी ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर सहकारिता में सहकार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सहकारियों समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के छपरा शाखा द्वारा मांझी पूर्वी पैक्स में आयोजित किया गया। इस दौरान मांझी नगर पंचायत स्थित प्रखंड मुख्यालय ल समीप बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमटेड का उद्घाटन सोमावार को किया गया। सहकारी बैंक का उद्घाटन नाबार्ड के डीडीएम अंशुमाला,बीएक्ससीबी के शाखा प्रबंधक शिव शंकर कुमार कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ संजय कुमार राय द्वारा फीता काट कर किया गया। बैंक मित्र शुभारंभ कार्यक्रम मे कृषि वैज्ञानिक व केंद्र प्रमुख संजय राय तथा बीएओ चुलहन राम ने कार्यक्रम मे उपस्थित किसानों को सरकारी योजना और आधुनिक खेती की जानकारी दी। किसानों को समूह में बकरी पालन,मुर्गीपालन,छोटे व्यवसाय के लिए ऋण की सुविधा की जानकारी दी। बैंक की शाखा ऑनलाइन है। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष बिजय सिंह ने उपस्थित किसानों को बैंक मित्र के माध्यम से जोडने का अनुरोध किया। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय,हेम नारायण सिंह,उमाशंकर ओझा,उदय शंकर सिंह,वीरेंद्र सिंह,संजय सिंह,ज्ञान प्रकाश वीनू, विनय सिंह,मनीष सिंह,मनोज सिंह,अख्तर अली,मनोज प्रसाद,वासुदेव राय,नौशाद आलम,अमन कुमार सिंह, सुरेन्द्र सिंह,अनवर मियां सहित सैकड़ो किसान उपस्थित हुऐ।

## मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हएु कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थानाक्षेत्र के मेरही गांव में 11 जुलाई को आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया है। एक पक्ष के भावनाथ सिंह की पत्नी शीला देवी ने भूमि विवाद का मामला बताते हुए आरोप लगाया है कि 11 जुलाई की दोपहर 12 बजे शंकर सिंह, राहुल सिंह, शमा देवी, ममता देवी, साहिल सिंह अचानक घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं मुझे बचाने आए मेरे घर के अन्य अन्य सदस्यों को भी मारपीट कर घायल किया गया। इस दौरान उनके गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र आदि छीन लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के रामनरेश सिहं के पुत्र शंकर सिंह ने आरोप लगाया है कि देवनाथ सिंह, सीमा सिंह, काजल कुमारी, शीला देवी, रवीना देवी ने मिलकर मेरी पुत्रवधू और पोते के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की तथा जान से मारने आदि की धमकी दी। वहीं पुलिस दोनों पक्ष से आवेदन लेकर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## जलालपुर में पैक्स चुनाव को लेकर 17 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा किया दाखिल

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के जलालपुर प्राथमिक कृषि साख समिति लिमिटेड (पैक्स) चुनाव को लेकर सोमवार को 17 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इससे पूर्व 12 जुलाई को आठ लोगों ने नामांकन निर्देशन कराया था। ऐसे में कुल मिलाकर अब तक 25 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी सह बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि प्रखंड कार्यालय सभागार में जलालपुर पैक्स के लिए सोमवार को 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ सुमन, निर्वाचन पदाधिकार के सहयोगी प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी प्रभा कुमारी, रंजन कुमार सुमन, खुशबू रौनियार, खुशबू कुमारी, ओमप्रकाश गोड़, नाजिर बिस्मिल्ला अंसारी, सुधांशु कुमार आदि उपस्थित थे। नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन सोमवार को पप्पू सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया। पप्पू सिंह के नामांकन के बाद राकेश गिरि के साथ इनका सीधा मुकाबला हो गया। वहीं सदस्य पद के लिए अखिलेश सिंह, राजेश्वर सिंह, अनिल सिंह, लव कुमार सिंह, उषा देवी, जया देवी, ददन यादव, सुनैना देवी, दीपक कुमार महतो, इलायची देवी, मधु माझी, मीना देवी ने नामांकन किया।

## सड़क दुर्घटना में वृद्धा घायल

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना के जलालपुर पनिसरा के समीप सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक वृद्धा घायल हो गई। घायल वृद्धा का उपचार एक निजी क्लिनिक में कराया गया। समाचार प्रेषण तक वृद्धा की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वृद्धा सड़क पर पैदल जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर उसके धक्का मार दिया जिससे वह घायल हो गई। मौके पर ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़ कर घायल वद्धा का इलाज कराने को कहा।---वारंटी गिरफ्तारसिसवन (सिवान) ־ थाना की गश्त दल ने रविवार की देर शाम भागर गांव में छापेमारी कर मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी भागर निवासी संजीत राम है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## शराब पीने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।**थाना की गश्त दल ने रविवार की देर शाम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में मनरा निवासी मुन्ना यादव, चटेया निवासी झमन साह एवं पंचमवा निवासी ध्रुव महतो शामिल हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों को मेडिकल जांच के लिए रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां तीनों के शराब पीने की पुष्टि हुई। तीन को सोमवार को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।,

## प्रेमी संग विवाहिता दो बच्चियों के साथ फरार, अपहरण की प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 10 जुलाई की रात एक विवाहिता के ननद की नाबालिग बेटी एवं अपनी बेटी संग कथित प्रेमी एवं प्रेमी के दोस्त संग फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार विवाहिता अपने साथ 11 थान जेवर एवं 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हुई है। इस संबंध में विवाहिता की सास ने थाना में आवेदन देते हुए यूपी के लार निवासी रौनक शर्मा एवं उसके दोस्त पर पुत्रवधू के साथ अपनी दो नतीनियों के अपहरण कर लेने की प्राथमिकी कराई है। उन्होंने कहा है कि दो वर्ष पूर्व उनके बेटे की शादी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के लार में शादी हुई थी। इस बीच पुत्रवधू के फुफेरे भाई रौनक शर्मा तरह-तरह का बहाना बनाकर मेरे घर आता-जाता रहता था। इसी बीच 10 जुलाई की रात अपने एक दोस्त को लेकर चारपहिया वाहन से मेरे घर आया और मेरी बहू एवं दोनों बच्चियों को बहला- फुसलाकर अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग हो रहे परेशान

**सिवान।** मानसून के साथ हीं रुक-रुक कर होने वाली वर्षा से जिलेवासी उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौली चरम सीमा पर है। प्रत्येक घंटे में दो से तीन बार बिजली ट्रिप हो रही है। इससे उपभोक्ता हलकान बने हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभित्र इलाके में रात्रि एवं दिन में किसी भी समय घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप कर दी जा रही है। इस अघोषित कटौती से बिजली उपभोक्ताओं में कंपनी के प्रति काफी रोष है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी व उमस भरे मौसम में विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। कहीं-कहीं लो वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है।

## अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)।** थाना की पुलिस ने रविवार की रात अलग-अलग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में साधपुर निवासी सुभाष महतो तथा उस्ती निवासी उत्तम कुमार को पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेज दिया गया है।---मारपीट में मां-पुत्र घायल दारौंदा (सिवान) ־ थाना क्षेत्र के पांडेयपुर में सोमवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में मां-पुत्र घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया या। घायलों में पांडेयपुर निवासी स्वामीनाथ महतो की पत्नी तेतरी देवी और पुत्र शत्रुघ्न महतो शामिल हैं।

## यात्री का मोबाइल छीनकर भाग रहा चोर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ, जीआरपी व टास्क टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ट्रेन से एक यात्री का मोबाइल झपट्टा मारकर फरार चोर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरफ्तार चोर के पास से चोरी की मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार युवक नगर थाना क्षेत्र के शुक्ला टोली वार्ड नंबर 24 निवासी चांद मोहम्मद है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गश्त के दौरान सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 55041 सिवान-गोरखपुर पैसेंजर ट्रेन के सामान्य कोच से रेलयात्री सह सीतामढ़ी निवासी महेश मुखिया से मोबाइल झपट्टा मारकर एक चोर फरार हो गया है। गश्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त चोर को चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चांद मोहम्मद से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। बताया कि चांद जंक्शन व ट्रेनों में रेलयात्रियों की कीमत सामानों की चोरी करने का काम करता है। चोरी हुए मोबाइल की अनुमानित कीमत तीस हजार रुपये है।

# सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों व शिवालयों में सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान हर- हर महादेव, जय शिव, ओम नम־ शिवाय आदि जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके अलावा हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ, तीनों लोकों में तु ही तू..., कर्पूरगौरं करुणावतारं..... आदि भक्ति गीतों से क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान महिलाएं हरा वस्त्र, हरी चूड़ियां धारण कर पूजा सामग्री के साथ शिवालय पहुंची तथा भवगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। कई महिलाओं ने सोमवार व्रत रख भगवान शिव की आराधना की। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। साथ ही मंदिरों की आकर्षक सजावट किए गए थे। मंदिर समिति के सदस्य एवं पुलिस जगह-जगह तैनात किए गए थे जो श्रद्धालुओं को जो श्रद्धालुओं को कतार में खड़ा करा जलाभिषेक में मदद कर रहे थे। वहीं संध्या काल में मंदिर दीपों से जगमग हो उठा।शहर के महादेवा स्थित पंचमुखी शिव मंदिर में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महादेवा थाना की पुलिस एवं मंदिर समिति के सदस्य तैनात थे। इसके अलावा शहर के मखदुम सराय महावीर शिवमंदिर में जलाभिषेक के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिर के अध्यक्ष विजय कुमार, सचिव योगेंद्र साह, सह सचिव सन्नी कुमार आदि श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे। इसके अलावा शहर के डाक बंगला रोड रोड फतेहपुर, मखदुम सराय, स्टेशन रोड, श्रीनगर समेत अन्य जगह स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होने के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले लगे रहे जहां लोगों ने पूजा सामग्री के अलावा, मिठाई, चाट, खिलौना, गुब्बारा आदि की दुकानें सजी हुई थी, लोगों ने खूब खरीदारी की।मेंहदार में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष का जलाभिषेकसंसू, जागरण, सिसवन (सिवान) ־ प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर में दोपहर दो बजे तक करीब तीन लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। मंदिर के प्रधान पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय ने बताया कि यहां रविवार की रात ही काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचना शुरू कर दिए थे और आधी रात होते ही कमलदाह सरोवर में स्नान कर भगवान आशुतोष को जलाभिषेक किए। सभी श्रद्धालु मंदिर में बने अरघा में जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बिजली मिस्त्री द्वारा 20 हजार रुपये मांगने का आडियो प्रसारित

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के सिसई पांडेय टोला में जले हुए ट्रांसफार्मर की जगह नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बिजली मिस्त्री द्वारा 20 हजार रुपये मांगने का एक आडियो प्रसारित हो रहा है। वहीं आडियो प्रसारित होने के बाद चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया है। हालांकि दैनिक जागरण उक्त प्रसारित आडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्रसारित आडियो में बिजली मिस्त्री को कहते हुए स्पष्ट सुना जा रहा है कि इसमें स्थानीय विधायक तथा बिजली कंपनी के जेई भी कुछ नहीं कर सकते। ग्रामीणों से वह खुलेआम कहता है कि एजेंसी को 20 हजार रुपये पहले देने के बाद ही ट्रांसफार्मर लग सकेगा। वह इन रुपयों की गारंटी भी लेने की बात कह रहा है। ग्रामीण जब रुपये देने में असमर्थता जताता है तो मिस्त्री यह कहता है कि पैसे नहीं देने पर किसी भी हाल में ट्रांसफार्मर नहीं लग पाएगा। प्रसारित आडियो सुनकर क्षेत्र के लोग भी तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उनका कहना है कि बिना पैसे दिए कोई भी काम कराना मुश्किल है। बातचीत में वह सुनील नामक बिजली मिस्त्री का भी नाम लेता है ।

## विद्यालय में योगदान नहीं करने पर शिक्षिका पर होगी कार्रवाई

**महाराजगंज (सिवान)।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कपियां के शिक्षक रामेश्वर साह को शनिवार को विद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं बीईओ राजकिशोर उपाध्याय ने निलंबन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेज दिया है। वहीं विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित होने के लिए प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार झा ने प्रखंड के राजकीय कन्या प्राथमिक तक्कीपुर की दो शिक्षिका को प्रतिनियुक्त किया है। डीईओ ने दोनों शिक्षिकाओं को 24 घंटे के अंदर विद्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया था। वहीं आदेश के मिलने के बाद सोमवार को शिक्षिका अनीमा देवी ने ही योगदान किया, जबकि नीलम देवी ने योगदान नहीं की। इस संबंध में बीईओ ने कहा कि नीलम देवी ने डीईओ के आदेश की अवहेलना की है। उन पर कार्रवाई के लिए पत्र दिया जाएगा।

## सोहागरा में डेढ़ लाख तो चकरी में एक लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ शिव मंदिर में सोमवार की दोपहर तक करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। यहां बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कई जिले के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं दरौली थाना क्षेत्र के चकरी धाम स्थित सिद्ध गुफा योगाश्रम में स्थापित विशालकाय शिवलिंग के दर्शन व जलाभिषेक के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यहां जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने यहां की प्रसिद्ध मां पारंबा भगवती का दर्शन व पूजन किया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रघुनाथ दास महाराज ने बताया कि सावन की पहला सोमवारी पर करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। यहां भी श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक ־जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे मेले में श्रद्धलुओं ने खूब खरीदारी की। इसके अलावा मैरवा हरिराम ब्रह्म मंदिर, गोरेयाकोठी के हयातपुर जंगली बाबा मंदिर, जामो के रामजानकी शिव मंदिर, महाराजगंज शहर के सिहौता स्थित रामेश्वर धाम, पश्चिमारी मठ स्थित बाला बाबा मठ, नागाजी का मठ, नया बाजार स्थित मठ, इंदौली, महुआरी, पटेढी, शिवदह, जिगरहंवा, रिसौरा, लकड़ी नबीगंज प्रखंड मुख्यालय समेत पड़ौली, कपरीपुर, डुमरा, मदारपुर, सूर्यपुरा आदि गांवों के शिवालयों में भी भक्त उमड़े। इसके अलावा बसंतपुर स्थित लाल बाबा शिव मंदिर, बसांव नगरी शिव मंदिर, कन्हौली, मोलनापुर, सोहिलपट्टी, भगवानपुर हाट, ब्रह्मस्थन, खैरवा, नदुआ, सोंधानी, मोरा मैरी, माघर, दारौंदा, रुकुंदीपुर, सतजोड़ा, भीखाबांध, उजांय स्थित गौरीशंकर बाबा, बगौरा, बड़हरिया, यमुनागढ़, रघुनाथपुर के जमनपुरा स्थित जटहवा बाबा, आंदर रामजानकी मंदिर, जयजोर हुसैनगंज, हथौड़ा, पश्चिमी हरिहांस, पूर्वी हरिहांस, बड़रम, छपिया, हसनपुरा, रजनपुरा, पचरुखी, सहलौर, दरौली, नौतन आदि जगहों पर स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की।

## सदर पीएचसी अंतर्गत ओरमा एचडब्लूसी में 10 फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

**सिवान।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ओरमा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सोमवार को 10 फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) किट का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी रोगियों को बीमारी से संबंधित वीडियो दिखाकर जागरूक किया गया है। वहीं विभिन्न प्रकार की बीमारियों को लेकर उचित सलाह और इलाज़ के लिए आशा फेसिलेटर और आशा कार्यकर्ताओं को गृह भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया गया। जबकि हाथीपांव के मरीजों का पंजीकरण और उनकी स्थिति का मूल्यांकन किया गया। वहीं पैरों की साफ़-सफाई और व्यायाम जैसी स्व-देखभाल प्रथाओं को समझाने के लिए शार्ट्स वीडियो सत्र आयोजित किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा. ओपी लाल ने बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत लिम्फेडेमा (हाथ या पैर में स्थायी रूप से होने वाले सूजन) से ग्रसित रोगियों की पहचान और सात स्तरों पर मूल्यांकन के लिए विशेष रूप से शिविर का आयोजन किया जाना है।

## आभूषण दुकान से लूट मामले में घटना के छठवें दिन भी नहीं मिला पुलिस को सुराग

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा बाजार में आभूषण व्यवसायी से हुई लूटकांड के छठवें दिन सोमवार तक पुलिस के हाथ खाली हैं। इस मामले में पुलिस न तो किसी बदमाश की पहचान कर उसे गिरफ्तार ही कर पाई है और ना ही लूटे गए सामान को हीं बरामद कर सकी है। वहीं लूटकांड के उद्भेदन के लिए पटना एसटीएफ व जिला एसआइटी की टीम जुट गई है। टीम हर संदेहास्पद ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, परंतु अबतक पुलिस कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। हालांकि सीसी फुटेज से बदमाशों की पहचान हो गई है, लेकिन फोटो से स्पष्ट पहचान नहीं होने से पुलिस टीम अंधेरे में ही तीर चला रही है। ऐसी दूसरी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए डायल 112 की टीम बगौरा में कैंप कर रही है। विदित हो कि नौ जुलाई को दिनदहाड़े दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने आभूषण दुकानदार को पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में दुकानदार दिलीप कुमार सोनी के बयान पर थाना में चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई थी।

### ट्रेन में यात्री सहित दो लोगों से मारपीट मामले में चार वेंडर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल ट्रेन में ओबीएचएस स्टाफ व एक यात्री से 13 जुलाई को मारपीट मामले में गठित टीम ने चार वेंडरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वेंडरों में सिसवन थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी मुकेश कुमार, गोपालगंज के मीरगंज थाना क्षेत्र के पूरब मोहल्ला वार्ड संख्या 20 निवासी विकास दास, वैशाली के नगर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांधी आश्रम वार्ड संख्या 22 निवासी अखिलेश कुमार महतो व मीरगंज थाना क्षेत्र के नरैनिया निवासी यश कुमार शामिल हैं। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 13 जुलाई को गाड़ी संख्या 02569 में एक ओबीएचएस स्टाफ तथा एक यात्री के साथ वेंडरों के समूह, जिनकी संख्या तकरीबन चार से पांच थी, उनके द्वारा सिवान जंक्शन पर मारपीट किए जाने के प्राथमिकी जीआरपी में हुई थी। अज्ञात अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए आरपीएफ छपरा सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार एक टीम गठित की गई थी। टीम में आरपीएफ, जीआरपी व टास्क टीम शामिल थी। टीम द्वारा सोमवार को मारपीट में शामिल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी वेंडरों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### टेलीफोन तोड़कर भाग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

सिवान। माडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक युवक ने काउंटर पर रखे टेलीफोन को तोड़ दिया। घटना के बाद वार्ड में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड में मौजूद प्राइवेट गार्ड मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ कर कमरे के अंदर बंद कर दिए। इसके बाद नगर थाना की पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ की। जानकारी अनुसार युवक मानसिक रूप से बीमार है।

